टेबल टेनिस में आइआइएम रांची की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

शतरंज में आइआइएम बोधगया और कैरम में आइएमएस रांची ने आइआइएम रांची को शिकस्त दी. बैडमिंटन के पुरुष स्पर्धा में किट्स मैनेजमेंट ने जीत दर्ज की. टेबल टेनिस की प्रतिस्पर्धा में आइआइएम रांची ओवरऑल विजेता बना.

विजेताओं को मिला पुरस्कार

आइआइएम के इस एनुअल इवेंट में पहले दिन हुई विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. खेलगांव स्थित शेख भिखारी स्टेडियम में पहले दिन आइआइएम रांची के कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित सोलो डांस प्रतियोगिता में संत जेवियर्स कॉलेज के श्रुति सेनापति ने पहला स्थान पाया. इस प्रतियोगिता की रनर अप आइआइएम रांची की रोशनी रहीं. बीआइटी सिंदरी के उत्तम को तीसरा स्थान मिला.

ये रहे विजेता

- **दौड़ प्रतियोगिता.** 100 मीटर : प्रथम लक्ष्मीकांत, द्वितीय विष्णु, तृतीय प्रथमेश (सभी आइआइएम रांची) 200 मीटर : लक्ष्मीकांत (आइआइएम रांची), सौरभ (रिम्स), विष्णु (आइआइएम रांची)

400 मीटर : विष्णु (आइआइएम रांची), प्रथमेश (आइआइएम रांची), विनोद (आइआइएम रांची)

1500 मीटर दौड़ : कार्तिक(आइआइएम रांची), संतोष सक्सेना (रिम्स), विष्णु (आइआइएम रांची)

लांग जंप प्रतियोगिता : प्रथमेश, लक्ष्मीकांत और विष्णु (सभी आइआइएम रांची)

जवेलियन थ्रो : लक्ष्मीकांत (आइआइएम रांची), मानू (आइआइएम रांची) और अखिल (आइआइएम रांची)

स्टेज ड्रामा : एक्सएलआरआइ, बीआइटी मेसरा और आइआइएम रांची

फैशन शो में भी आइआइएम रांची अव्वल

इवेंट में बीआइटी मेसरा के छात्रों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का परिचय देते हुए जम कर तालियां बटोरी. इन्होंने ड्यूल डांस में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. वहीं पहले दिन हुई फैशन शो प्रतियोगिता में आइआइएम रांची की टीम ने प्रथम और द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया. निर्णायक की भूमिका में सुपर्णा बरुआ ने सिंगिंग प्रतियोगिता का जजमेंट किया. डांस प्रतियोगिता की जज माधुरी मुखर्जी रहीं. बैटल ऑफ बैंड की प्रतियोगिता का विजेता आइआइएम रांची रहा. इस प्रतियोगिता के निर्णायक कोरियोग्राफर वसीम खान और कैलाश जैक्सन थे. जबकि फैशन शो के निर्णायक अरण्या रॉय थी. दूसरे दिन पार्टिसिपेंट्स द्वारा कई विचारोत्तेजक एक्ट प्ले किये गये. इसे संतोष मृदुला ने जज किया.

Prabhat Khabar, 04.02.2019, Pg. 17 - 2